Code No. **64/3**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 8 printed pages +2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 19 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 19 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

GEOGRAPHY (Theory)
भूगोल (सैद्धान्तिक)

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 70*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 70*

General Instructions :

(i) *There are **19** general questions.*

(ii) *All questions are compulsory.*

(iii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iv) *Question numbers **1** to **10** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **80** words.*

(v) *Question numbers **11** to **15** are also short-answer questions of **4** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **120** words.*

(vi) *Question numbers **16, 17** and **18** are long-answer questions of **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.*

(vii) *Question number **19** contains test items of very short-answers. It is of **5** marks.*

(viii) *Outline map provided to you must be attached with your answer-book.*

(ix) *Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps is allowed.*

सामान्य निर्देश :

(i) *सामान्य प्रश्नों की कुल संख्या **19** है।*

(ii) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(iii) *प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके निर्धारित अंक दिये हैं।*

(iv) *प्रश्न संख्या **1** से **10** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(v) प्रश्न संख्या **11** से **15** तक भी लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के **4** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।*

*(vi) प्रश्न संख्या **16, 17** और **18** लम्बे-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के **5** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।*

*(vii) प्रश्न संख्या **19** में बहुत छोटे उत्तर वाले विषय हैं। यह प्रश्न **5** अंक का है।*

(viii) दिए गए रेखा-मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए।

*(ix) रेखा-मानचित्र बनाने के लिये **साँचों** या **स्टेंसिलों** के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।*

1. Explain the three components each of natural and cultural environments. 1½+1½=3

प्राकृतिक और सांस्कृतिक पर्यावरणों में से प्रत्येक के तीन घटकों की व्याख्या कीजिए।

2. Distinguish between cottage industry and small-scale industry by explaining three differences of each. 3×1=3

कुटीर उद्योग और छोटे पैमाने के उद्योग में तीन-तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए।

3. Explain the three important components of international trade which set its world pattern. 3×1 = 3

विश्व प्रतिरूप को निर्धारित करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के तीन महत्त्वपूर्ण अवयवों की व्याख्या कीजिए।

4. How can integrated area approach and local planning reduce regional disparities in India ? Explain with three suitable examples. 3×1=3

भारत में समन्वित क्षेत्र विधि तथा स्थानीय नियोजन प्रादेशिक विषमताओं को किस प्रकार कम कर सकते हैं ? तीन उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।


5. Explain three main factors responsible for dispersal of cotton textile industry in India. 3×1=3

सूती वस्त्र उद्योग के सम्पूर्ण भारत में फैलने (परिक्षिप्त होने) के तीन प्रमुख कारकों की व्याख्या कीजिए।

6. "Rice and wheat producing traditional areas presently overlap each other." Justify this statement with three suitable arguments. 3×1=3

''चावल और गेहूँ के पारंपरिक उत्पादक क्षेत्र अब एक दूसरे में व्याप्त हो रहे हैं।'' तीन उपयुक्त तर्क देते हुए इस कथन के औचित्य को सिद्ध कीजिए।

7. Study the map given below and answer the questions that follow : 3×1=3



(7.1) Name the two states of north-western India, having the highest percentage area under irrigation.

(7.2) Why do these states have very high percentage area under irrigation ?

(7.3) What is the percentage area under irrigation in most of the north-eastern states of India ?

ऊपर दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(7.1) उत्तर-पश्चिमी भारत के उन दो राज्यों के नाम बताइए, जिनमें सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत सर्वाधिक है।

(7.2) इन राज्यों में सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत बहुत अधिक क्यों है ?

(7.3) उत्तर-पूर्वी भारत के अधिकतर राज्यों में सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत कितना है ?


For Blind Candidates only in lieu of Question No.7.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 7 के स्थान पर।

Name the two states of north-western India, having the highest percentage area under irrigation. Also give two reasons for very high percentage of irrigated area in these two states. 1+2=3

उत्तर-पश्चिमी भारत के उन दो राज्यों के नाम बताइये, जिनमें सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत सर्वाधिक है। इन दो राज्यों में सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत बहुत अधिक होने के दो कारण भी बताइये।

8.



Draw or trace the above map of India in your answer book. Mark and label in the map drawn by you, the four ports (1 to 4) shown in the map. 1+2=3

ऊपर दिए गए भारत के मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका में बनाइये या ट्रेस कीजिए। अपने द्वारा बनाए गए मानचित्र में संख्या 1 से लेकर 4 तक चिह्नित चार पत्तनों की स्थिति दिखाइये और उनके नाम लिखिये।

For Blind Candidates only in lieu of Question No. 8.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर।

Name the six major ports of India, three each from the west and the east coasts. 6×½=3

भारत के छः प्रमुख पत्तनों के नाम बताइये। इनमें से तीन पश्चिमी तट और तीन पूर्वी तट के होने चाहिएँ।

9. Write any four major uses of copper. Name the two leading copper producing countries of the world. 2+1=3

ताँबा के कोई चार प्रमुख उपयोग लिखिए संसार के दो अग्रणी ताँबा उत्पादक देशों के नाम बताइए।

10. Which is the famous pipeline of the U.S.A. ? State four advantages of pipeline transportation. 1+2=3

संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रसिद्ध पाइपलाइन कौनसी है ? पाइपलाइन परिवहन के चार लाभों का उल्लेख कीजिए।

11. What is the main cause of environmental degradation ? Explain three criteria which are used for identification of pollution. 1+3=4

पर्यावरण-ह्रास का प्रमुख कारण क्या है ? प्रदूषण की पहचान के लिए उपयोग में आने वाली तीन कसौटियों की व्याख्या कीजिए।

12. Study the table given below and answer the questions that follow : 4×1=4

MINERALS AND HUMAN CIVILISATION

Age	Approximate Date of Beginning
Paleolithic (Old Stone)	5,00,000 B.C.
Neolithic (New Stone)	8,000 B.C.
Copper	5,000 B.C.
Bronze	3,000 B.C.
Iron	1,400 B.C.
Coal	A.D. 1600
Petroleum	A.D. 1850
Nuclear	A.D. 1950

(12.1) Which age of human civilisation do we belong to ?

(12.2) How many years ago from the present, did humans start the mining of metallic minerals ?

(12.3) Which metallic mineral has contributed most in the development of civilisation ?

(12.4) In which century did the mining of this metallic mineral begin ?

निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

खनिज एवं मानव सभ्यता

युग	प्रारम्भ होने की अनुमानित तिथि
पुरापाषाण (प्राचीन पाषाण)	5,00,000 ईसा पूर्व
नवपाषाण (नया पाषाण)	8,000 ईसा पूर्व
ताम्र	5,000 ईसा पूर्व
कांस्य	3,000 ईसा पूर्व
लौह	1,400 ईसा पूर्व
कोयला	1600 ई.
पेट्रोल	1850 ई.
परमाणु (न्यूक्लीय)	1950 ई.

(12.1) हम मानव सभ्यता के किस युग से संबद्ध हैं ?

(12.2) मानव ने धात्विक खनिजों का खनन वर्तमान समय से कितने वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया ?

(12.3) किस धात्विक खनिज का सभ्यता के विकास में सबसे बड़ा योगदान रहा है ?

(12.4) इस धात्विक खनिज का खनन किस शताब्दी में प्रारम्भ हुआ ?

For Blind Candidates only in lieu of Question No. 12.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर।

How do physical and economic factors influence mining activity ? Explain with four examples. 4

खनन क्रिया को भौतिक और आर्थिक कारक किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? चार उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

13. State any four advantages of water transport. Write four main features of Panama Canal. 2+2=4

जल परिवहन के कोई चार लाभ बताइए। पनामा नहर के चार प्रमुख लक्षण लिखिए।

14. Name the eight types of rural settlement patterns found in India. 8×½=4

भारत में पाई जाने वाली आठ प्रकार की ग्रामीण बस्तियों के प्रतिरूपों के नाम बताइए।

15. How has the development of industrial and agricultural sectors generated high demand for rail transport in India ? Explain with four suitable examples. 4

भारत में औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों के विकास ने रेल परिवहन की मांग को किस प्रकार अधिक बढ़ाया है ? चार उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

16. How have the processes of urban growth in developed and developing countries been different ? Explain. Also explain three major problems in Mega cities of developing countries. 2+3=5

विकसित और विकासशील देशों में नगरीय वृद्धि की प्रक्रियाएँ किस प्रकार भिन्न रही हैं ? समझाइये। विकासशील देशों के मेगा नगरों की तीन प्रमुख समस्याओं की भी व्याख्या कीजिए।

17. What is human development ? Which are the three indicators used in computing Human Development Index (HDD ? Name the two countries, which rank at the top on the HDI and two countries, which rank at the bottom. 1½+1½+2=5

मानव विकास क्या है ? मानव विकास सूचकांक की गणना में किन तीन सूचकों का उपयोग किया जाता है ? उन दो देशों के नाम बताइए, जो मानव विकास सूचकांक के कोटिक्रम में सबसे ऊपर हैं तथा दो ऐसे देशों के नाम बताइए जो कोटिक्रम में सबसे नीचे हैं।

18. What are the two major language families in India ? Write four characteristics of each. 1+2+2=5

भारत में दो प्रमुख भाषा परिवार कौनसे हैं ? प्रत्येक भाषा परिवार की चार विशेषताएँ लिखिए।

19. (19.1) In the given outline political map of the **World** (on page 9) are shown four geographical features : 4×½=4

(i) The country having the highest density of population in Africa,

(ii) The western terminal of Canadian Pacific Railway,

(iii) The largest silver producing country, and

(iv) The second largest city of Asia.

Identify these features and write their names on the lines given in the map.

(19.2) On the outline political map of **India** provided (on page 11), locate and label the following with appropriate symbols : 3×1=3

(i) The Union Territory having the lowest sex ratio.

(ii) Northern terminal of North-South Corridor (Super Highway).

(iii) An oil refinery in Andhra Pradesh, managed by ONGC.

(19.1) दिए गए **संसार** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) में चार भौगोलिक लक्षण दिखाए गए हैं :

(i) अफ्रीका में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला देश,

(ii) कनाडा-प्रशान्त रेलमार्ग का पश्चिमी अन्तिम स्टेशन,

(iii) चाँदी का सबसे बड़ा उत्पादक देश, और

(iv) एशिया का दूसरा सबसे बड़ा नगर।

इन लक्षणों की पहचान कीजिए और उनके नाम मानचित्र में दी गई रेखाओं पर लिखिए।

(19.2) दिए गए **भारत** के राजनैतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिन्हों द्वारा दिखाइए और स्थिति के निकट उनके नाम लिखिए :

(i) सबसे कम लिंग-अनुपात वाला संघ राज्य-क्षेत्र।

(ii) उत्तर-दक्षिण गलियारे (परम राजमार्ग) का उत्तरी अन्तिम स्टेशन।

(iii) आन्ध्र प्रदेश में तेल-परिष्करणशाला जो ओ.एन.जी.सी. द्वारा संचालित है।

For Blind Students only in lieu of Question No. 19.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर।

(19.1) Name the two countries of South Asia which have the highest density of population.

(19.2) Name the eastern and western terminals of Canadian Pacific Railway.

(19.3) Name the two metropolitan cities of West Bengal.

(19.4) Name the two oil refineries located in Gujarat.

(19.5) Name the northern and southern terminals of North-South Corridor (Super Highway).

(19.1) दक्षिण एशिया के दो देशों के नाम बताइए जिनमें जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है।

(19.2) कनाडा-प्रशान्त रेलमार्ग के पूर्वी और पश्चिमी अन्तिम स्टेशनों के नाम बताइए।


(19.3) पश्चिम बंगाल के दो महानगरों के नाम बताइए।

(19.4) गुजरात में स्थित दो तेल-परिष्करणशालाओं के नाम बताइए।

(19.5) उत्तर-दक्षिण गलियारे (परम राजमार्ग) के उत्तरी तथा दक्षिणी अन्तिम स्टेशनों के नाम बताइए।


For question no. (19.1)

प्रश्न सं. (19.1) के लिए



For question no. (19.2)

प्रश्न सं. (19.2) के लिए



©Government of India copyright 2001